**Need to introduce AC Local train services from Chhatrapati Shivaji Terminus to Karjat and Khopali in Maharashtra-laid**

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे **(**मावल**) :** वर्तमान में मध्य रेलवे मार्ग पर एसी लोकल ट्रेनें केवल छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (CST) से बदलापुर तक चलाई जा रही हैं । जबकि इससे बदलापुर के आगे यात्रा करने वाले यात्रियों, विशेष रूप से मेरे संसदीय क्षेत्र मावल के अनतर्गत कर्जत और खोपोली जाने वाले यात्रियों में भारी असंतोष है । कर्जत और खोपोली के यात्रिओं का कहना है कि यह एसी लोकल ट्रेन की सुविधा केवल एक सीमित वर्ग को ही क्यों दी जा रही है, जबकि इसे सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए । कर्जत और खोपोली तक एसी लोकल ट्रेन सेवा की मांग लगातार बढ़ रही है, क्योंकि इस मार्ग पर प्रतिदिन लाखों यात्री यात्रा करते हैं । यदि यह सेवा पूरी दूरी तक विस्तारित की जाए, तो सभी यात्रियों को आधुनिक रेलवे सुविधाओं का समान रूप से लाभ मिलेगा । आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि इस विषय पर तत्काल ध्यान देकर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से कर्जत एवं खोपोली तक एसी लोकल ट्रेन सेवा के विस्तार हेतु आवश्यक कदम उठाएं ।